पावर ट्राँसमिशन कारपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लि0

(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)

मानव संसाधन एवं प्रशासनिक विभाग

विद्युत भवन, नजदीक–आई0एस0बी0टी0 क्रासिंग, सहारनपुर रोड़, माजरा, देहरादून–248002

दूरभाष नं0 0135–2645249 फैक्स नं0 0135–2645249 email:- hr@ptcul.org

पत्रांक 1698 / मा0सं0एवंप्र0वि0 / पिटकुल / ईओ–06 दिनांक : 14 .10.2022

कार्यालय ज्ञाप

एतद्द्वारा कारपोरेशन कार्यहित में श्री जावेद अंसारी, सहायक अभियन्ता (वि0 एवं या0), (सातवें वेतनमान रू0 56,100–1,77,500 की मैट्रिक्स का लेवल–11) को अधिशासी अभियन्ता (वि0 एवं या0) (सातवें वेतनमान रू0 67,700–2,08,700 की मैट्रिक्स का लेवल–12) के पद पर निम्न प्रतिबन्धों के अधीन प्रोन्नत किया जाता है तथा प्रोन्नत पद पर अधिशासी अभियन्ता (सम्बद्ध), मुख्य अभियन्ता (परि0 एवं अनु0), गढवाल क्षेत्र, रूडकी में तैनात किया जाता है :–

1. श्री जावेद अंसारी की प्रश्नगत पद पर की गयी पदोन्नति पूर्णतः अस्थायी है। उन्हें बिना कारण बतायें अथवा बिना किसी पूर्व सूचना / नोटिस के कभी भी उनके मौलिक पद पर प्रत्यावर्तित / पदावनत किया जा सकता है।
2. यदि श्री अनिल कुमार, प्रबन्ध निदेशक, उपाकालि, श्री पी0सी0 ध्यानी, निदेशक (मा0सं0), पिटकुल अथवा श्री अजय कुमार अग्रवाल, निदेशक (परियोजना), उपाकालि अपनी सेवानिवृत्ति से पूर्व पिटकुल में अपने धारणाधिकार पद पर वापिस आते है तो इन पदो के विरूद्ध मुख्य अभियन्ता (स्तर–I), मुख्य अभियन्ता (स्तर–II) , महाप्रबन्धक (मा0सं0) एवं अधीक्षण अभियन्ता (वि0 एवं या0) के पदों पर की गयी प्रतिबंधाधीन पदोन्नतियों के फलस्वरूप पदोन्नत कनिष्ठतम अधिकारी अपने–अपने मूल पदों पर वापिस हो जायेंगे जिसके फलस्वरूप सहायक अभियन्ता (वि0 एवं या0) के पद से अधिशासी अभियन्ता (वि0 एवं या0) के पद पर पदोन्नत कनिष्ठतम अधिशासी अभियन्ताओं को भी उनके मूल पद पर वापिस कर दिया जायेगा, इस सम्बन्ध में श्री जावेद अंसारी, रू0 100 / – (रू0 एक सौ मात्र) के स्टॉम्प पेपर पर शपथ पत्र देंगे कि यदि ऐसा होता है तो उन्हें उनके मूल पद पर वापिस आने में कोई आपत्ति नहीं होगी।
3. श्री जावेद अंसारी को पदोन्नत पद पर इस आदेश के निर्गमन की तिथि से 07 दिन के अन्दर कार्यभार ग्रहण करना अनिवार्य होगा अन्यथा उनके पदोन्नति आदेश निरस्त कर दिये जायेंगे।
4. श्री जावेद अंसारी द्वारा अपना नवीनतम परिसम्पत्ति विवरण पदभार ग्रहण करते समय नियन्त्रक अधिकारी को अनिवार्यतः प्रस्तुत किया जायेगा।
5. श्री जावेद अंसारी का दायित्व होगा कि वह अपने कार्यभार ग्रहण करने की सूचना उपरोक्त शपथ पत्र के साथ मानव संसाधन एवं प्रशासनिक विभाग को प्रेषित करना सुनिश्चित करेंगे।

प्रबन्ध निदेशक

पत्रांकः 1698 / मा0सं0एवंप्र0वि0 / पिटकुल / ईओ–06 तद् दिनांकित।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव–प्रबन्ध निदेशक, पिटकुल, देहरादून को प्रबन्ध निदेशक महोदय के संज्ञानार्थ।
2. निजी सचिव / सहायक / डी0ई0ओ0–निदेशक(मा0सं0) / (परिचालन) / (परियोजना) / (वित्त), पिटकुल, देहरादून।
3. समस्त मुख्य अभियन्ता / महाप्रबन्धक, पिटकुल.........................।
4. समस्त अधीक्षण अभियन्ता / उपमहाप्रबन्धक, पिटकुल...................।
5. सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता, पिटकुल.........................।
6. अधिशासी अभियन्ता (सू0प्रौ0), पिटकुल को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त आदेश को कारपोरेशन की वैबसाईट पर प्रदर्शित करना सुनिश्चित करें।
7. सम्बन्धित अधिकारी / व्यैक्तिक पत्रावली / कार्यालय ज्ञाप / कट फाईल।

(अनुपम सिंह)

उपमहाप्रबन्धक (अधिष्ठान)